# इंदौर ने फिर रचा पौधों का विश्व कीर्तिमान



नवभारत न्यूज

**इंदौर, 09 अगस्त. रेवती रेंज में दो वर्ष पहले किए गए वृहद पौधरोपण और उसके बाद पौधों की लगातार देखभाल ने इंदौर को एक बार फिर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नया कीर्तिमान दिलाया. एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स के ट्री ऑडिट में रेवती रेंज में 13 लाख 10 हजार 12 पौधे जीवित और सुरक्षित पाए गए.**

एक ही स्थान पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण के साथ दो वर्षों तक उनकी देखभाल के आधार पर नया रिकॉर्ड दर्ज किया गया. विश्व कीर्तिमान की घोषणा के अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पौधरोपण को केवल अभियान नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दीर्घकालीन जिम्मेदारी बताया.

### दो वर्षों के बाद दर्ज हुआ नया कीर्तिमान

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' आह्वान पर देशभर में लोगों ने अपनी मां की स्मृति में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण को जनअभियान बनाया है. मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'एक बगिया मां के नाम' और जल संरक्षण से जुड़े अभियानों के साथ पौधरोपण को जोड़ा गया है. उन्होंने कहा कि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आह्वान पर इंदौर में बड़े पैमाने पर पौधरोपण कर विश्व कीर्तिमान बनाया गया और अब उसी रेवती रेंज में दो वर्षों की देखभाल के बाद नया कीर्तिमान दर्ज हुआ है.

**विजयवर्गीय बोले- पेड़ जहर सोखकर अमृत देता है, एक पेड़ लगाना शिव मंदिर बनाना...** कैलाश विजयवर्गीय ने 9 अगस्त के महत्व का उल्लेख करते हुए भारत छोड़ो आंदोलन के क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि जिस तरह देश की आजादी के लिए लोगों ने बड़ा संकल्प लिया था, उसी तरह पर्यावरण संरक्षण के लिए भी सामूहिक संकल्प जरूरी है. उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि मनुष्य और वाहन प्रदूषित गैसें छोड़ते हैं, जबकि पेड़ इन विषैली गैसों को सोखकर हमें ऑक्सीजन देते हैं. सावन के संदर्भ में भगवान शिव का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि शिव विष को कंठ में धारण कर अमृत देते हैं और पेड़ भी प्रदूषण रूपी विष को लेकर ऑक्सीजन रूपी अमृत देते हैं.

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने इंदौर के स्वच्छता मॉडल की भी सराहना की. उन्होंने कहा कि इंदौर की जनता ने अपने व्यवहार में बदलाव कर देश में स्वच्छता की मिसाल कायम की है. अब इसी नागरिक भागीदारी से इंदौर को देश का ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल नारा नहीं, बल्कि भावनात्मक और पर्यावरणीय संकल्प है. मां के नाम पौधा लगाने के बाद जिस तरह मां का लालन-पालन किया जाता है, उसी भावना से पौधे का भी संरक्षण किया जाना चाहिए.

# 100 बार लड़ेंगे आदिवासी कोड की लड़ाई : सिंघार

## आदिवासी भीख नहीं, अपना अधिकार मांगता है

**22 से अधिक संगठनों के हजारों लोगों ने लिया हिस्सा**

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 9 अगस्त. विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को भोपाल के दशहरा मैदान में मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के तत्वावधान में विशाल आदिवासी सम्मेलन आयोजित किया गया.**

सम्मेलन में 22 से अधिक आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों ने



हिस्सा लिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार रहे.

सम्मेलन की शुरुआत माता मंदिर चौराहे से निकाली गई विशाल रैली से हुई. पारंपरिक वेशभूषा में शामिल आदिवासी समाज के लोगों ने ढोल-मांदल की थाप पर रैली निकाली. दशहरा मैदान पहुंचने के बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पारंपरिक नृत्य और रंग-बिरंगे परिधानों के माध्यम से आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिली. आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए उमंग सिंघार ने कहा कि वे यहां नेता प्रतिपक्ष के नाते नहीं, बल्कि समाज का हिस्सा होने के नाते आए हैं.

> नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आदिवासी कोड समाज की पहचान और अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है. उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय आदिवासियों के लिए अलग कोड की व्यवस्था थी, तो आज आदिवासी समाज को अपना कोड क्यों नहीं मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि आदिवासी कोड की लड़ाई एक बार नहीं, बल्कि 100 बार लड़ेंगे. आने वाली पीढ़ी को आदिवासी कोड दिलाने के लिए इस मांग को मजबूती से उठाया जाएगा. उन्होंने कहा कि आदिवासी युवा अपने अधिकारों, पहचान और भविष्य को लेकर जागरूक हो चुका है. सम्मेलन के दौरान आदिवासी समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव देखने को मिला. पारंपरिक ढोल-मांदल, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को आदिवासी स्वाभिमान के रंग में रंग दिया.

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आदिवासी समाज की आबादी 22 प्रतिशत से अधिक है, इसके बावजूद उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है. उन्होंने समाज से अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया. सिंघार ने कहा कि आदिवासी समाज स्वाभिमानी है और भीख नहीं मांगता, बल्कि अपना अधिकार मांगता है. उन्होंने कहा कि वे स्वयं आदिवासी समाज से आते हैं और गांवों में रहने वाले लोगों की कठिनाइयों को समझते हैं.




# जेलों में होंगे सुधार : वरुण कपूर

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 9 अगस्त. मध्यप्रदेश में जेलों को सुरक्षित, संवेदनशील और सुधारात्मक संस्थानों के रूप में विकसित करने की दिशा में जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग द्वारा विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं.**

जेल महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर ने केंद्रीय जेल बड़वानी के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ बंदियों के पुनर्वास और कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की.

डॉ. कपूर ने बैरकों, रसोई, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, बंदी कल्याण तथा पुनर्वास कार्यक्रमों का जायजा लिया. उन्होंने जेल उद्योगों की कार्यप्रणाली, बंदियों की भागीदारी, कौशल विकास और उत्पादन गतिविधियों की भी जानकारी ली. उन्होंने कहा कि जेल उद्योग बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ समाज में सफल पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं.

# विद्यार्थियों की लगेगी डिजिटल हाजिरी

## अनुपस्थित छात्र-छात्राओं के लिए लगेंगी अतिरिक्त कक्षाएं

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 9 अगस्त. मप्र के सरकारी और अनुदान प्राप्त उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अब विद्यार्थियों की हाजिरी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी. लोक शिक्षण संचालनालय ( डीपीआई ) ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश जारी किए हैं.**

इसके तहत अब शिक्षकों और कर्मचारियों की तरह विद्यार्थियों की उपस्थिति भी शिक्षा पोर्टल 3.0 पर दर्ज होगी. शासकीय आदेश के अनुसार पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करने के लिए संस्था का लॉगिन अनिवार्य होगा. पोर्टल पर प्रत्येक कक्षा की सेक्शनवार सूची उपलब्ध रहेगी. जिसके आधार पर रोजाना हाजिरी लगाई जाएगी. हाजिरी लगाने के लिए शिक्षकों को पोर्टल पर तीन विकल्प मिलेंगे, जिनमें उपस्थित, अनुपस्थित और अवकाश शामिल हैं. विभाग द्वारा जारी इस नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों की नियमितता सुनिश्चित करना और ड्रॉपआउट दर पर अंकुश लगाना है. वहीं ऑनलाइन दर्ज उपस्थिति आंकड़ों का नियमित विश्लेषण किया जाएगा. इसके माध्यम से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को चिन्हित कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएंगी और आवश्यक शैक्षणिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा.

> वहीं यदि कोई विद्यार्थी लगातार अनुपस्थित रहता है, तो संबंधित शिक्षक सीधे अभिभावकों से संपर्क करेंगे. शिक्षक अभिभावकों से संवाद कर बच्चे के अनुपस्थित रहने का कारण जानेंगे और उसे नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करेंगे.




# सौरभ शर्मा की दुबई संपत्ति की फिर होगी जांच

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 9 अगस्त.परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और कथित भ्रष्टाचार के मामले में लोकायुक्त संगठन अब उसकी दुबई स्थित संपत्ति की दोबारा जांच करेगा.**

कोर्ट में चालान पेश करने से पहले लोकायुक्त सौरभ के नाम के साथ-साथ उसके करीबियों और संभावित बेनामी संपत्तियों की भी पड़ताल कर रहा है. लोकायुक्त संगठन में शिकायत करने वाले व्यक्ति ने दावा किया था कि सौरभ की दुबई में एमआर ग्रुप से खरीदी गई करीब 150 करोड़ रुपये



कीमत की विला है. हालांकि, सौरभ और उसके करीबियों के ठिकानों पर हुई कार्रवाई के दौरान दुबई की इस कथित संपत्ति से जुड़े दस्तावेज नहीं मिले थे. पूछताछ में भी सौरभ या उसके रिश्तेदारों ने दुबई में संपत्ति होने की जानकारी स्वीकार नहीं की थी.

## सूने घर के ताले तोड़कर नकदी, सोने का हार चोरी

**ग्वालियर.** ग्वालियर के सिरोल थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर नकदी और सोने का हार चोरी कर लिया. घटना हुरावली स्थित न्यू कृष्णा विहार कॉलोनी की है. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय मोजू गुर्जर अपने भाई जगबीर सिंह और भाभी वर्षा के साथ रहते हैं. 2 अगस्त की रात उनके जीजा राजेश सिंह के निधन की सूचना मिलने पर मोजू परिवार के साथ घर में ताला लगाकर गमी में शामिल होने मुरैना चले गए थे. शनिवार सुबह पड़ोसी अनिल तिवारी ने फोन कर घर का मुख्य दरवाजा खुला होने की जानकारी दी.



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से केंद्रीय मंत्री नायडू ने की सौजन्य भेंट

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की. इस अवसर पर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय में मेम्बर प्लानिंग अनिल गुप्ता और अपर मुख्य सचिव विमानन संजय शुक्ल भी उपस्थित रहे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री नायडू के मुख्यमंत्री निवास पहुंचने पर उनका आत्मीय स्वागत किया तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया.



# बारिश का नया दौर, पांच जिलों में ज्यादा खतरा

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 9 अगस्त. मध्यप्रदेश में फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है. मौसम विभाग ने रविवार को रायसेन, नर्मदापुरम, जबलपुर, नरसिंहपुर और सिवनी में अति भारी बारिश की चेतावनी दी है. इन जिलों में दिन और रात के दौरान तेज पानी गिरने की आशंका जताई है. साथ ही बिजली चमकने और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं.**

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई जगह अच्छी बारिश हुई. पचमढ़ी में सबसे ज्यादा 150 मिमी पानी गिरा. बड़वाह में 143 मिमी, अमरपाटन में 130 मिमी, जैतहरी में 110 मिमी और पवई में 108 मिमी बारिश दर्ज हुई. गुना, विदिशा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश हुई. रायसेन, नरसिंहपुर, डिंडौरी और अनूपपुर में अति भारी बारिश का दौर रहा. कई छोटे नदी-नाले उफनाने की स्थिति में आ गए हैं.

मौसम विभाग के मुताबिक अभी जो मानसून सिस्टम बना है, उसका असर प्रदेश के बीच वाले हिस्से पर ज्यादा है. उत्तर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के आसपास कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है. इसके साथ हवा का घुमाव भी बना हुआ है. दूसरी तरफ मानसून की लाइन प्रदेश से होकर गुजर रही है. इन सबके कारण बादल लगातार आ रहे हैं और अलग-अलग इलाकों में तेज बारिश हो रही है.

### शहर में करीब 13 मिमी बारिश दर्ज

अगले 24 घंटे में भोपाल, सीहोर, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, सिंगरौली, सतना, अनूपपुर और शहडोल में गरज-चमक के साथ बारिश होने की सम्भावना है. विदिशा, राजगढ़, बैतूल, गुना, कटनी, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर, छतरपुर और पन्ना में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है. भोपाल में बीते दिन रुक-रुककर बारिश हुई. शहर में करीब 13 मिमी पानी दर्ज किया गया. रविवार को बादल छाए रहे और कुछ इलाकों में बौछारें पड़ीं. अगले 24 घंटे में तेज बौछारों के साथ बिजली चमक सकती है.

# सरकारी महाविद्यालयों के टेंडर में फर्जीवाड़ा

## भोपाल पुलिस ने 3 फर्मों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 9 अगस्त. शासकीय महाविद्यालयों की निविदाओं में कूटरचित दस्तावेज लगाकर टेंडर हासिल करने के मामले में कमला नगर पुलिस ने ग्वालियर की तीन फर्मों के संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.**

पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद वैष्णवी ट्रेडर्स की मनीषा शर्मा, जेएमडी एसोसिएट की खुशबू शर्मा और एएन इंटरप्राइजेज के संजय रामाधीन शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

पुलिस के अनुसार, भोपाल निवासी शिकायतकर्ता विश्वास जैन ने आरोप लगाया था कि शासकीय महाविद्यालय जैतवारा, पीजी महाविद्यालय मंदसौर और शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय की निविदाओं में फर्मों ने फर्जी वार्षिक टर्नओवर प्रमाणपत्र और निर्माता कंपनियों के अधिकृत विक्रेता संबंधी दस्तावेज लगाए. जैतवारा महाविद्यालय में जेएमडी एसोसिएट को करीब 60.04 लाख रुपये का क्रय आदेश जारी होने की जानकारी सामने आई है. जांच के दौरान निर्माता कंपनी आईएनएसआईएफ इंडिया ने दोनों फर्मों को अधिकृत विक्रेता नहीं होना बताया.

> **प्रमाणपत्र जारी करने से किया इनकार**
>
> संबंधित चार्टर्ड अकाउंटेंट ने भी कथित टर्नओवर प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार किया. पुलिस के मुताबिक जांच में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर निविदाएं हासिल करने की पुष्टि हुई है. मामले में दस्तावेज, भुगतान और संबंधित महाविद्यालयों के रिकॉर्ड की जांच जारी है. जांच के दौरान पुलिस ने मनीषा शर्मा, खुशबू शर्मा और संजय रामाधीन शर्मा को उनके बताए पतों पर नोटिस भेजे थे, लेकिन संबंधित पते पर उनके नहीं मिलने के कारण नोटिस तामील नहीं हो सके.

# आज शपथ लेंगे अमित लाहोटी

## उच्च न्यायालय को मिलेगा अतिरिक्त न्यायाधीश

**जबलपुर, 9 अगस्त. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय को सोमवार को नया अतिरिक्त न्यायाधीश मिलेगा. अमित लाहोटी 10 अगस्त को न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे. शपथ ग्रहण समारोह जबलपुर स्थित उच्च न्यायालय के कक्ष क्रमांक-1 में दोपहर 2:30 बजे आयोजित होगा.**

उच्च न्यायालय प्रशासन ने शनिवार को इसकी जानकारी जारी की थी. बता दे कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 7 अगस्त को अमित लाहोटी की मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी थी. उनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से दो वर्ष का रहेगा. सोमवार को शपथ ग्रहण के साथ



ही वे अपनी न्यायिक जिम्मेदारी संभालेंगे. अमित लाहोटी का परिवार लंबे समय से न्यायिक क्षेत्र से जुड़ा रहा है. वे मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश केके लाहोटी के पुत्र हैं. न्यायमूर्ति केके लाहोटी उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के साथ कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं.

## बच्चे के अपहरण और हत्या के मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास

**भिण्ड.** जिले के लहार अनुभाग के रौन थाना क्षेत्र के मछंड में वर्ष 2023 में हुए छह वर्षीय एकांश उर्फ गुल्लू त्रिपाठी हत्याकांड में न्यायालय ने मुख्य आरोपी उदित उर्फ गुंडा चौरसिया को आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है. मामले में आरोपी की मां अनीता को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है, जबकि आरोपी के पिता संतोष को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया. पुलिस जांच के अनुसार उदित आईपीएल में सट्टा खेलने का आदी था और बड़ी रकम हार चुका था. सट्टे में हारी रकम की भरपाई के लिए उसने छह वर्षीय गुल्लू के अपहरण की योजना बनाई थी.

# सुविधा : इटारसी-मदन महल के बीच चलेगी ट्रेन

**भोपाल, 9 अगस्त. इटारसी-जबलपुर क्षेत्र के यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे ने बड़ी सुविधा को मंजूरी दी है. रेलवे ने ट्रेन नंबर 51673/51674 इटारसी-मदन महल पैसेंजर की दैनिक सेवा शुरू करने की स्वीकृति दी है. इससे इटारसी और जबलपुर के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा और यात्रियों को किफायती यात्रा का विकल्प मिलेगा.**

ट्रेन नंबर 51673 इटारसी जंक्शन से सुबह 11:40 बजे रवाना होकर शाम 4:45 बजे मदन महल पहुंचेगी. वापसी में ट्रेन नंबर 51674 मदन महल से शाम 5:50 बजे चलेगी और रात 10:55 बजे इटारसी पहुंचेगी. ट्रेन करीब 242 किलोमीटर की दूरी 5 घंटे 5 मिनट में तय करेगी. इसके रास्ते में बागरा तवा, सोहागपुर, पिपरिया, बनखेड़ी, सालीचौका रोड, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर और श्रीधाम में वाणिज्यिक ठहराव होंगे. दैनिक सेवा शुरू होने से इटारसी, नर्मदापुरम और जबलपुर क्षेत्र के छोटे-बड़े शहरों एवं कस्बों के यात्रियों को रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार और धार्मिक स्थलों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी.


**सावधानी** ▶ लापता बच्चियों के परिजनों को निशाना बनाने का नया तरीका, जानकारी बताकर परिवार से मांग रहे पैसे

# गुमशुदगी दर्ज होते ही साइबर ठगों का फोन

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 9 अगस्त. बच्ची के अचानक लापता होने के सदमे से जूझ रहे परिवारों को अब साइबर ठग भी निशाना बनाने लगे हैं. गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होते ही कई मामलों में परिजनों के मोबाइल पर संदिग्ध कॉल पहुंच रहे हैं. कॉल करने वाले लापता बच्ची का नाम और उससे जुड़ी कुछ निजी जानकारियां बताकर पहले परिवार का विश्वास हासिल करते हैं.**

इसके बाद बच्ची के बारे में जानकारी देने या उसे सुरक्षित बरामद कराने का दावा करते हुए




पैसों की मांग करने लगते हैं. इन घटनाओं ने पुलिस के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है. पुलिस को जहां एक ओर लापता बच्चियों की तलाश करनी है, वहीं दूसरी ओर पीड़ित परिवारों को साइबर ठगी से बचाना भी जरूरी हो गया है. सवाल यह भी उठ रहा है कि गुमशुदगी की जानकारी साइबर ठगों तक कैसे पहुंच रही है.

> **आधे घंटे बाद ही आया ठग का फोन**
>
> 6 अगस्त को एमपी नगर थाना क्षेत्र के साढ़े 6 नंबर इलाके में रहने वाली आठवीं कक्षा की छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी. रिपोर्ट दर्ज होने के करीब आधे घंटे बाद ही छात्रा के पिता के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया. कॉल करने वाले व्यक्ति ने दावा किया कि बच्ची ताज होटल में सुरक्षित है. उसने बच्ची को वापस पहुंचाने के नाम पर 25 हजार रुपये की मांग की. शक होने पर परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. नंबर की जांच में पता चला कि कॉल साइबर ठग की ओर से किया गया था. इधर, पुलिस की तलाश के दौरान बच्ची घर के पास ही एक खंडहर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली. घटना के बाद पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गुमशुदगी की जानकारी ठगों तक कैसे पहुंची. इसी तरह दूसरा मामला सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना से लापता हुई 21 वर्षीय युवती के परिजन के पास साइबर ठगों के फोन आ रहे हैं। वह फोन कर 50 हजार से 1 लाख रुपए तक की मांग कर रहे हैं.



> **इनका कहना है...**
>
> ऐसे संदिग्ध फोन आने पर घबराएं नहीं और ठगों को कोई पैसा न दें. कॉल करने वाले नंबर, चैट, ऑडियो रिकॉर्डिंग और पैसों की मांग से जुड़ी जानकारी सुरक्षित रखें और तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं. ताकि मामले की जांच की जा सके.
>
> - अखिल पटेल, डीसीपी, क्राइम ब्रांच, भोपाल

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60